गांजा के साथ दो गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,लखनऊ

Last updated: Tue, 19 Feb 2019 09:11 PM IST

राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने सोमवार को लखनऊ में 628 किलोग्राम गांजा जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

जब्त गांजा ट्रक में छिपाकर उड़ीसा से लाया गया था। इसे ट्रक के फ्लोर पर खास तरह से बनाए गए कैविटी में इस तरीके से छिपाया गया था कि बिना किसी स्पष्ट खुफिया सूचना के इसे खोज पाना संभव नहीं था। डीआरआई ने दोनों गिरफ्तार तस्करों को कोर्ट के सामने पेश करके आगे की जांच शुरू दी है। उनके जरिए अब इस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने की कोशिश की जाएगी। डीआरआई ने इस मामले में सटीक खुफिया सूचना देने वाले को आकर्षक ईनाम देने की घोषणा की है। मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में अभियुक्तों को 10 साल तक की सजा हो सकती है।

डीआरआई का मानना है कि उड़ीसा के पहाड़ी इलाकों में अवैध रूप से गांजा की खेती हो रही है। यह गांजा देश के पूर्वोत्तर के राज्यों में सप्लाई किया जा रहा है। डीआरआई लखनऊ ने अपने सटीक खुफिया तंत्र के बूते अप्रैल 2018 से अब तक 80 कुंतल से ज्यादा गांजा जब्त किया है।